# मुर्शिदाबाद की घटना को लेकर जालोर में सर्व हिन्दू समाज ने रैली निकाली, प्रदर्शन किया



जालोर में सर्व हिन्दू समाज ने रैली निकालकर पं.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला जलाया। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर में सर्व हिन्दू समाज ने मुर्शिदाबाद घटना के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के. गावंडे को ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिन्दुओं पर पर हो रहे अत्याचार एवं हत्याओं के विरोध में बुधवार को जालोर जिला मुख्यालय पर विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में सर्व हिन्दू समाज के लोग सड़कों पर उतरे और विरोध प्रदर्शन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आक्रोशित लोगों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। तत्पश्चात जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

मुर्शिदाबाद की घटना के विरोध में बुधवार सुबह करीब 10 बजे सर्व हिन्दू समाज के लोग शहर के मलकेश्वर मठ में एकत्रित हुए।

सिरोही के वाण मठ के मठाधीश शक्ति राजूगिरी महाराज, हरियाणा के शनिनाथ महाराज सहित विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान संतों ने कहा कि देश में लगातार इस तरह की घटना हो रही हैं, जो निन्दनीय हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बातों से नहीं मानने वाले को ईंट का जबाव पत्थर से देना पडेगा। जिसके लिए हर हिन्दू को जागने की जरूरत है।

इस दौरान सुन्देलाव तालाब स्थित हनुमानजी मंदिर के पवनपुरी महाराज, मलकेश्वर मठ के विष्णुभारती महाराज सहित संतो का सानिध्य रहा। वही नारेबाजी करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से निकली रैली के दौरान सभी लोगों ने हाथ में भगवा पताका और बांग्लादेश की सरकार को बर्खास्त करने, बंद करो, बंद करो हिन्दुओं पर अत्याचार बंद करो, ममता बनर्जी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी, एक रहोगे तो सेफ रहोगे आदि नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी। रैली मलकेश्वर मठ से रवाना होकर अस्पताल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्कल, घांचियों की फिलानी, सुभाष मार्केट, माणक चौक, सदर बाजार, गांधी चौक व सूरजपोल होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां हिन्दू समाज के द्वारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया और बंगाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात हिन्दू समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गवांडे को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन बताया कि पश्चिमी बंगाल द्वारा 11 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में हिन्दुओं पर हिंसक प्रदर्शन किया जा रहा हैं। हिन्दुओं को मारा जा रहा तथा बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में देने, बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों के पहचान कर उनको निष्कासित करने और बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम अविलंब प्रारंभ जाये, जिससे ममता बनर्जी ने रोका हुआ था।

वही जालोर में पश्चिमी बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बुधवार को ज्ञापन देने तक जालोर में करीब 90 प्रतिशत व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान को बंद रखा। हालांकि कुछ व्यापारी बाजार में दुकानों को खोलकर बैठे थे। जिनको रैली के दौरान हिन्दू समाज के लोगों ने बंद कराया।

इस अवसर पर बडी संख्या में हिन्दू समाज के लोग मौजूद रहे।

इस दौरान बडी संख्या में सनातन महोत्सव संयोजक अम्बालाल व्यास, वीएचपी के प्रवीण सिंह नाथावत, रतन सिंह, ओटाराम सोलंकी, जबरसिंह, भावेश प्रजापत, धरमेन्द्र कुमार, प्रिंस गोयल, बसंत सोलंकी, भैराराम माली, रमेश कुमार, राजेश कुमार, डायाराम प्रजापत, रघुवीरसिह, रमेश कुमार, राजेश कुमार, ओमप्रकाश, नरेश कुमार, ललित किशोर व दिनेश पालीवाल सहित बडी संख्या में हिन्दू समाज के लोग मौजूद रहे।

## पहलगाम हमले के खिलाफ जैसलमेर में प्रदर्शन हुआ

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद जैसलमेर में बुधवार को भारी आक्रोश देखने को मिला। जैसलमेर टूरिस्ट गाइड वेलफेयर सोसाइटी के नेतृत्व में सोनार दुर्ग की पार्किंग में विरोध-प्रदर्शन किया गया। पूरे देश में आम जनता से लेकर सामाजिक संगठनों तक, हर जगह पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसलमेर टूरिस्ट गाइड वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। गाइडों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अपील की कि हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाए और आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

**पाली संवाददता के अनुसार :** मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम मैं आतंकवादी द्वारा वहां पर्यटक के रूप में गए निर्दोष लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग करने से 26 लोगों की मौत के विरोध में बुधवार सुबह सोमनाथ मंदिर से शहर के नागरिक व बच्चे विरोध स्वरूप काले वस्त्र पहन सूरजपाल चौराहा पहुंचे और मानव श्रृंखला बनाकर आतंकवादी के विरुद्ध नारे लगाए।

इसके बाद सामूहिक रूप से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा ने कहा कि जम्मू कश्मीर की घटना भारत की अखंडता पर चोट है, इसका तहे दिल से सभी भारतीयों को विरोध करना चाहिए, और आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाएं जल्दी ही कठोर कार्रवाई करे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी, मुकेश नाहर, राकेश लिम्बा सहित कई विद्यालयों के बच्चे वह प्रिंसिपल सामाजिक संस्थाओं के लोग भी मौजूद रहे।

**बालोतरा संवाददाता के अनुसार :** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांठिया ने बुधवार को जिले के गोपडी गांव स्थित आशापुरा माताजी मंदिर में दर्शन कर पुजा अर्चना की।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया ने आशापुरा माताजी मंदिर में माताजी के दर्शन कर क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली की कामना की।मंदिर पुजारी दलाराम प्रजापत ने बांठिया को तिलक व हाथ और रक्षा सूत्र बांधा।बांठिया ने आशापुरा माताजी से प्रार्थना की कि जम्मू कश्मीर के पहलगाव में मंगलवार को हुई आतंकी हमले में दिवंगत आत्मा को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले।

उन्होंने ने कहा की पर्यटकों पर आतंकी हमला बेहद कायराना कृत्य है। उन्होंने ने सरकार से आग्रह किया कि आंतकवादीयों को ऐसी कठोर सजा मिले जिससे उनकी सात पीढी कांपे।

इस दौरान डॉ सतीश मिश्रा, डॉ जीतराम मीणा,पुजारी दलाराम सहित अनेको भक्त भाविक मौजूद थे।अंत मे सभी ने दो मिनट का मौन रखकर हमले में जान गवाने लोगो की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

# कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने मागें बताई



जालोर में राज. राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत से जुड़े हुए कर्मचारी ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) जालोर के जिला अध्यक्ष विरमाराम राणा, जिला संयोजक रमजान खान, जिला मंत्री मेहबूब खान, के नेतृत्व में बुधवार को 17 सूत्री मांग पत्र को लेकर के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर जालोर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया।

जिला मंत्री मेहबूब खान ने बताया कि संघ के द्वारा पूर्व में राज्यव्यापी चरणबद्ध ध्यान आकर्षण प्रदर्शन आंदोलन के तहत 17 सूत्री मांग पत्र पर अविलंब सक्षम स्तरीय वार्ता कर निस्तारण करवाने के लिए राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करवाया गया।

इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी यथा हीरालाल रेड्डी जिलाध्यक्ष अंबेडकर शिक्षक संघ, रकमा जिलाध्यक्ष भंवरु खान पठान, प्रकाश दवे जिलाध्यक्ष प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ, जिला मंत्री रईसा खोखर, पारस गर्ग ब्लॉक अध्यक्ष प्रबोधक संघ, बरकत खान मेहर जिलामंत्री प्रबोधक संघ, मोहम्मद असलम राजस्थान शिक्षक अनुदेशक संघ, मुस्ताकअली, चंपालाल, गौतम कुमार, दयाराम चौहान, रामलाल चौहान, भगवानाराम, दिलदार खान, राजकुमार,नरपतसिंह मोक, विनोद कुमार, सुरेंद्र सोलंकी, पुरुषोत्तम गर्ग, दिनेश परमार, अनिल कुमार सहित कई जने मौजूद रहे।

## चिकित्सालय में मरीज बेहाल

पोकरण, (कासं)। पोकरण क्षेत्र के उपजिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाएं मरीजों के लिए बडी मुसीबत का कारण बन रही हैं। तेज गर्मी के इस मौसम में अस्पताल परिसर में न तो वाटर कूलर चल रहे हैं और न ही ठंडी हवा की कोई व्यवस्था है। मरीजों को बिना चादर वाले बिस्तरों पर लेटकर उपचार करवाना पड रहा है। आवश्यक दवाइयों की सरकारी आपूर्ति अस्पताल के काउंटर पर उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को बाहर से महंगे दामों पर दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। अस्पताल भवन की छत और दीवारें जगह-जगह से जर्जर हो चुकी हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह लचर है। परिसर में चूहों की भरमार है। स्थानीय निवासियों और मरीजों ने चिकित्सा प्रभारी को कई बार इस स्थिति से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

## निरीक्षण किया

**जालोर**, (कासं)। ग्राम भेटाला, मायलावास, मेडाउपरला व पाण्डगरा में स्थित ई-मित्र कियोस्कों का सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, पंचायत समिति जालोर के प्रोग्रामर दिनेश मेघवाल द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कियोस्क संचालकों द्वारा रेट लिस्ट का प्रदर्शन नहीं करने, कॉ-ब्रांडेड बैनर व आईडी कार्ड का अभाव जैसी अनियमितताएं पाई गईं जिस पर संबंधित संचालकों पर ई-मित्र एप के माध्यम से ऑनलाइन शास्तियां आरोपित की गईं।

# हजरत मलिक शाह दातार के उर्स में लोग उमड़े



जालोर शहर के किले की घाटी में हजरत शहीद मलिक शाह दातार के सालाना उर्स में कव्वाली कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के किले की घाटी में मंगलवार रात्रि को हजरत शहीद मलिक शाह दातार के सालाना उर्स शानो शौकत के साथ मनाया गया।

दरगाह इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि मलिक शाह दातार दरबार में मशहूर कव्वाल इरफान तुफैल ने मनकबत अल्लाह हु अल्लाह हु.. , ख्वाजा गरीब नवाज के शान में और मलिक शाह दातार के शान में बेहतरीन कव्वाली पेश की। उसके बाद में कव्वाल फैजान वारिस ने कव्वालों ने तेरे रसके कवर ...... अल्लाहु अल्लाहु ....चल मदीना चल..... सहित मालिक शाह दातार की शान में जाऊ मदीना मेरी औकात नहीं है जैसे कई कलाम पेश कर समा बांधा।

वही कव्वाला सनम साहिबा ने बेहतरीन अंदाज में कलामात पेश कर रात भर मोमिनो को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले इंतजामिया कमेटी ने उर्स में शिरकत करने वाले कव्वाल पार्टी का गुलपोशी कर इस्तकबाल किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने किया।

इश्क-ए-हकीकी, कौमी एकता और इंसानियत जैसे जज्बों से भरपूर कव्वालियों ने वहां मौजूद हर दिल को झुमा दिया। सजी हुई दरगाह, चिरागों की रौशनी और मन को सुकून देने वाली आवाजों ने माहौल को जन्नती बना दिया।

इस मौके पूरे मुल्क में अमन व चैन की दुआ गई। इस मौके पर महिलाओं, पुरुषों, और बच्चों की भारी तादाद ने यह साबित कर दिया कि दरगाहें मजहब से ऊपर, मोहब्बत और इंसानियत का मरकज होती हैं। देश ओर प्रदेश में अमन चैन की दुआ की।

इस मौके पर नवाब खान सिलावट,पूर्व पार्षद अयूब शेख,असगर खान दादाल , हुसैन बावजी, मोहम्मद खान, मुश्ताक मेहर, भूरे खान सहित समाज के कई युवा मौजूद थे।

## सेन महाराज के जयंती समारोह की तैयारी की

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना में सैन जी महाराज के मंदिर में 24 अप्रैल शाम का जागरण का आयोजन होगा।

बाबा वालगर एन्ड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी सुबह मे माहाआरती एवं प्रसादी वितरण की जाएगी I ट्रस्ट के अध्यक्ष ताराचंद सैन की अध्यक्षता में सैन जन्मोत्सव के उपलक्ष में मीटिंग का आयोजन किया गया I 25 अप्रैल सुबह सेन जी महाराज की शोभा यात्रा निकली जाएगी मेंने बाजार व मुख्य बाजार होते हुए मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर भामाशाहों को सेन जी महाराज की स्मृति देकर सम्मानित किया जाएगा। सैन मंदिर के आवक जवक के लेखा जोखा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा I महाप्रसादी के आयोजन करता युवा उद्यमी ओमप्रकाश पवार खारी , शंकर लाल केकड,प्रकाश केकड, तुलसाराम दूधु वालों की तरफ से रहेगी I सैन मंदिर कमेटी के संरक्षक जगराम देवडा ने बताया कि इस जयंती पर मृत्यु भोज ,बाल विवाह पर पाबंदी और नशा मुक्ति का संकल्प सैन समाज को दिलाया जाएगा I गोगाराम देवडा ने बताया कि मंदिर के पास वाली भूमि पर जल्दी ही छात्रावास का निर्माण की रुपरेखा तय की जाएंगी इस अवसर पर शंकराराम केकड , नरेंद्र देवडा नरसीराम बूल, भोमाराम मदावा, गोगाराम देवडा, लादूराम गोडा , तेजाराम चैनपुरा, सैन मंदिर पुजारी छोगाराम उपस्थित रहे।

## लू-ताप व हीट वेव के संबंध में एडवाईजरी जारी

**जालोर**, (कासं)। आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु में लू-ताप गर्मी, तापमान बढ़ने, ताप की लहर, हीट वेव एवं अन्य विपरीत जलवायु परिवर्तन से आमजन के बचाव एवं राहत के लिए ''क्या करें व क्या ना करें'' के संबंध में एडवाईजरी जारी की गई हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा गर्मी व ताप की लहर को देखते हुए ''क्या करें व क्या ना करें'' के संबंध में एडवाईजरी जारी की गई है। स्थानीय मौसम संबंधित खबरों के लिए टीवी देखें व रेड़ियो सुने तथा समाचार पत्र पढ़े या संबंधित मोबाईल एप डाउनलोड करें। पर्याप्त पानी पीयें तथा अपने आपको हाइट्रेटेड रखने के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइट्रेशन सॉल्यूसन), घर के बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) निंबू का पानी व छाछ आदि का सेवन करें। हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़े पहनें। यदि कही बाहर हैं तो अपना सिर ढके, कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें। आंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्म का प्रयोग करें और त्वचा की सुरक्षा के लिए सनक्रीन लगाएं तथा प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षण लें।

नियोक्ता श्रमिकों के लिए कार्यस्थल पर ठंडे पेयजल का प्रबंध करें, सभी श्रमिकों के लिए आराम के लिए छाया, साफ पानी, छाछ, आइस पैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट और ओआरएस (ओरल रिहाइट्रेशन सॉल्यूसन) का प्रबंध रखें। श्रमिकों के लिए सीधी धूप से बचने के लिए कहे तथा श्रमसाध्य कार्यों को दिन के कम ताप वाले समय में ही करें। बाहरी गतिविधियों के दौरान विश्राम करने की आवृति और सीमा समय बढ़ावें। श्रमिकों को लू से संबंधित चेतावनी के बारे में सूचित करें तथा जिन श्रमिकों के लिए गर्मी वाले क्षेत्र नए हो, उन्हें हल्का काम और कम घंटों का काम दें। वही पशुओं का छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए पर्याप्त, स्वच्छ व ठंडा पानी दें, पशुओं से सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे के बीच काम न लें। शेड की छत को पुआल से ढक दे, तापमान कम करने के लिए इसे सफेद रंग या चूने से रंग दे या गोबर से लीप दें। लेड में पंखे, वाटर स्प्रे और फॉमर्स का प्रयोग करें। अत्यधिक गर्मी के दौरान पानी की छिड़काव करें और मवेशियों को ठंडा करने के लिए एक जल निकाय पर ले जाएं, पशुओं को हरी घास, प्रोटीन-वसा बाईपास पूरक, खनिज मिश्रण और नमक दें तथा कम गर्मी वाले घंटों के दौरान उन्हें चरने दें। नियमित दीवारों की बजाया कैविटी तकनीक का उपयोग करें। घर को ठ्ठुंडा रखने के लिए चौड़ी दीवाएं बनावाएं, अधिकतम वायु प्रवाह कर गर्मी को अवरूद्ध करने के लिए जालीदार दीवारें और लोब वाले उद्घाटनों का निर्माण करें। दीवारों को रंगने के लिए प्राकृतिक सामग्री जैसे चूने या मिट्टी का उपयोग करें। यदि संभव हो तो कांच के हस्तेमाल से बचें तथा निर्माण करने से पूर्व बिल्डिंग टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ से सलाह लें। वही लू से प्रभावित व्यक्ति के शरीर के तापमान को कम करने के लिए पीड़ित के सिर पर गीले कपड़े का उपयोग करें या पानी डालें।

# किसान संघ ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया



भारतीय किसान संघ के पाली संभाग ने सुंधा माता में दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। भारतीय किसान संघ के पाली संभाग ने सुंधा माता में दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया, जिसमें संगठन को सशक्त बनाने और कृषि विकास पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और ध्वजारोहण के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि और वक्ता इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री तुलछाराम सिवर, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद धारणिया, प्रांत अध्यक्ष माणक लाल परिहार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दलाराम बटेश्वर, प्रदेश प्रसार प्रमुख राजीव दीक्षित, प्रांत उपाध्यक्ष सोमाराम चौधरी, प्रांत कोषाध्यक्ष गणपत लाल, प्रांत महिला प्रमुख हेमलता चौधरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

**■ संगठन को मजबूत करने के लिए ग्राम समिति का सशक्त होना आवश्यक है : प्रवीण सिंह चौहान**

अपने संबोधन में प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए ग्राम समिति का सशक्त होना आवश्यक है, क्योंकि यदि किसान संगठित होंगे, तो किसान संघ स्वतः मजबूत होगा। इसी क्रम में तुलछाराम सिवर ने संगठन के कार्य पद्धित और नीतियों को विस्तार से समझाया।

संभाग मंत्री सुजान सिंह वडवज ने बताया कि यह आयोजन सुंधा माता चौधरी धर्मशाला में किया गया, जिसमें जालोर, सिरोही, पाली और सांचौर जिलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

अभ्यास वर्ग में संगठन के विस्तार पर भी गहन चर्चा हुई, जिसमें संभाग उपाध्यक्ष परबतसिंह, संभाग सह मंत्री हरि सिंह, संभाग डेरी प्रमुख राणसिंह, संभाग जैविक प्रमुख सोनाराम चौधरी, संभाग प्रचार प्रमुख केराराम सहित कई महत्वपूर्ण पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। यह अभ्यास वर्ग संगठन को नई दिशा देने और किसानों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

## महिलाओं को दिलाया नशा मुक्ति का संकल्प

**जालोर**, (कासं)। यह है संकल्प हमारा,नशे से मुक्त हो जालौर हमारा जिला कलेक्टर जालोर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,जालोर के निर्देशानुसार को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की टीम ने शहर मे मनरेगा पर कार्यरत महिलाओ को नशे से होने वाले दुष्प्रभावो के बारे मे जानकारी देकर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर हीरालाल चौहान ने मनरेगा कर्मियो को बताया की संस्था का मिशन नशा से मुक्ति, जीवन का विकास, आपका सहयोग हमारा प्रयास,सबको शिक्षा स्वास्थ्य एवं विकास, साथ ही नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी I वही संस्था मे मिलने वाली सुविधाओ, एवं जीवन में नशा नहीं करने की अपील की, ताकि नशा सामाजिक परिणामो को बुराइयो में लाता है एवं व्यक्ति को प्रत्येक क्षेत्र में अपमानित करता है। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ मुकेश कुमार ने नशा मुक्ति के उपायो और केंद्र पर दी जाने वाले सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंत में मनरेगा कर्मियो को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## नियंत्रण कक्ष बना

**पाली**, (नि.सं.)। बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में जिला नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट कार्यालय के कमरा नंबर 127 में संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी मुख्य आयोजना अधिकारी रामदयाल राठौड़ को नियुक्त किया गया है।

# अपात्र परिवारों को नोटिस

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित सक्षम व्यक्तियों के नाम पृथक करवाने के लिए चलाए गए गिव-अप अभियान के तहत जिले में 205 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किए जाकर वसूली की कार्यवाही की जा रही हैं।

जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी जालोर ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गो के उत्थान के लिए कार्य कर रही है तथा अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड ''राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम, 2023 अनुसूची-1'' के अनुसार ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकरदाता हो, जिसका कोई सदस्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर जो कि जीवकोपार्जन में प्रयुक्त हो), वे निष्कासन सूची में आते है। उन्होंने बताया कि 1 नवम्बर से प्रारंभ गिव-अप अभियान में अब तक राजस्थान राज्य में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा हैं तथा जालोर जिले में 4821 परिवारों ने गिव-अप अभियान में आवेदन किया। गिव-अप अभियान में जालोर जिले में 205 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किए गए जिनसे वसूली की जा रही हैं। गिव-अप अभियान में प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे। खाद्य विभाग द्वारा शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामियों का डाटा संकलित करने का कार्य होगा।

**कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)**

( अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001 )

Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/698 दिनांक : 23/04/2025

**।। आपत्ति विज्ञप्ति ।।**

श्री गजेन्द्र सिंह बालावत पुत्र श्री उदयसिंहजी, निवासी राजपुतो का वास, बादनवाडी, तहसील आहोर जिला जालोर ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भुखण्ड जालोर की आबादी भुमि खसरा सं. 2007,1963 व 6413 / 2009 में मेरा एक भूखण्ड आया हुआ है , जिसका पट्टा सं.- 1728, दिनांक 16.03.1998 को श्री प्रतापाराम पुत्र लखाजी के नाम से कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (कृ. भू. रुपा. ) द्वारा जारी किया गया है। उक्त भूखण्ड को श्री प्रतापाराम पुत्र लखाजी व मुख्तयार गणपतलाल पुत्र भोमाराम ने श्रीमती लता बोहरा पत्नी पुष्पराज बोहरा को दिनांक 04.06.1998 को बेचान किया। उसके बाद श्री पुष्पराज बोहरा एवं बहैसियत मु. श्रीमती लता बोहरा ने श्रीमती चन्दा पत्नी श्री पुखराज जी को दिनांक 20.07.2005 को बेचान किया श्रीमती चन्दा पत्नी श्री पुखराज जी ने श्री गजेन्द्र सिंह बालावत पुत्र श्री उदयसिंहजी को दिनांक 28.06.2021 को बेचान किया गया। प्रार्थी ने अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है। उक्त आवासीय प्लॉट संख्या - जी -10 का क्षेत्रफल 2050 वर्गफीट एव पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है -

उत्तर :- आवासीय प्लॉट सं.- जी -09, यह भुजा 50 फीट है।
दक्षिण :- खातेदारी भूमि, यह भुजा 50 फीट है।
पूर्व :- 30 फीट चौडा रास्ता, यह भुजा 41 फीट है।
पश्चिम :- आई -02 से आई -10 प्लॉटस, यह भुजा 41 फीट है।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा।

अवगत रहें। आयुक्त, नगर परिषद, जालोर